# सफलता की कहानी

| | | |
|---|---|---|
| किसान का नाम | – | जगदीश सिंह मुंडा |
| पिता/पति का नाम | – | सनातन सिंह मुंडा |
| ग्राम | – | कदमशोली |
| पंचायत | – | जुगीगोपा |
| शैक्षणिक योग्यता | – | बी0 कॉम |

जगदीश सिंह मुंडा एक शिक्षित युवा किसान है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उद्देश्य था कि चार्टड आकउंट की पढ़ाई करें। लेकिन घर में माँ की उम्र होने एवं घर की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कृषि कार्य में पूर्ण रूप से लग गया। कृषि तकनीक की सही जानकारी नहीं होने से कृषि कार्य नहीं कर पाते थे।

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र में 2018 में आयोजित कृषक गोष्ठी के माध्यम से विभाग से जुड़ा एवं कृषि के अन्य तकनीक के बारे में जाना। 2019 में राज्य स्तरीय कृषक परिभ्रमण में आरा कोरम राँची गया एवं कृषि की बेहतरीन तकनीक, कम पानी में सिंचाई की तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

आत्मा के सहयोग एवं तकनीकी जानकारी के द्वारा इन्होंने विगत 2020 खरीफ मौसम में प्रत्यक्षण हेतु ब्रोकली का खेती किया। ब्रोकली बेचकर जगदीश सिंह मुंडा 30 हजार रूपये आमदनी प्राप्त किया। इसी वर्ष 2020 में जगदीश कृषि विभाग से पम्पसेट एवं पावर स्प्रेयर भी अनुदान में प्राप्त किया है जिससे इनका खेती का कार्य सुगमतापूर्वक हो रहा है।

जगदीश सिंह मुंडा रबी मौसम में सरसों, बैगन, लौकी, भिंडी, मिर्चा बंधागोभी का खेती कर लगभग 60,000/– रूपये मुनाफा कमाया है।

जगदीश सिंह मुंडा की सब्जी की खेती





